**दिनांक : 10.04.2025** **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री – दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश दौरे पर आएंगे। श्री मोदी अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। आनंदपुर धाम की स्थापना आध्यात्मिक और परोपकारी उद्देश्यों के लिए की गई है। वे ईसागढ़ में गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके पूर्व श्री मोदी वाराणसी जाएंगे और तीन हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

राष्ट्रपति – स्लोवाकिया यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल स्लोवाकिया यात्रा के दौरान कल राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और साझा वैश्विक तथा क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के दूसरे दिन आज राष्ट्रपति विदेश मंत्रालय का दौरा करेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

सड़क–गडकरी

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के खेड़ा बदनावर में विभिन्न सड़कों और फ्लाई ओवर का लोकार्पण कर रहे हैं। इनमें उज्जैन–बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क के लोकार्पण के साथ ही कुछ और परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। इस परियोजना में दो रेलवे ओवरब्रिज, 4 बड़े पुल, 7 छोटे पुल, एक इंटरचेंज, 2 फ्लाईओवर, शामिल हैं।

महावीर जयंती

24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है । इस अवसर पर देष भर में षोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर ने तत्कालीन समाज को मानवता, अहिंसा और सद्भावना का संदेश दिया जो आज भी प्रासंगिक है। प्रदेश के मुरैना,नर्मदापुरम और जबलपुर सहित अन्य जिलों से महावीर जयंती मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

होम्योपैथी दिवस

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है।

मौसम

प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं गर्मी का कहर तो कहीं—कहीं बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि अभी पश्चिमी विछोभ चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में गर्मी के तेवर के साथ ओलावृष्टि और बारिश की भी संभावना है। अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज उज्जैन, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, शाजापुर, आगर—मालवा, पन्ना, रतलाम, नीमच और मंदसौर में लू चलेगी। यहां तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। दूसरी ओर श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी, मऊगंज, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में गरज—चमक की स्थिति रहेगी। कहीं—कहीं बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी जिले के बदरवास में 40 करोड रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण व भूमि पूजन किया।
- बालाघाट जिले में स्थित 123वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में सीआरपीएफ के 35वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने आज कहा कि  पन्ना पर्यटन कि दिशा में एक प्रमुख शहर बनता जा रहा है। यहाँ एलीवेटिड रोड कि स्वीकृति जल्द मिलेगी
- विश्व होम्योपैथिक दिवस पर रायसेन  जिला अस्पताल परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।

नमस्कार।

———————————